रणजीत टाइम्स
इंदौर
बुधवार, 30 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 191 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# NUJI जिला अध्यक्ष बने गोपाल गावंडे जी, जीतू सोनी जी ने दी बधाई -पत्रकारों की एकता पर दिया जोर

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। साझा लोकस्वामी के संस्थापक, मालिक एवं समूह प्रधान संपादक श्री जीतू सोनी जी ने राष्ट्रीय यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया (NUJI) के जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज के प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे जी को हार्दिक बधाई दी।





### इस अवसर पर श्री जीतू सोनी जी ने कहा

“संगठन चाहे रिक्शा वालों का हो या हमारा, उसमें एकता का होना सबसे जरूरी है। पत्रकारों के बीच भी एकजुटता होनी चाहिए ताकि मीडिया, जो समाज का तीसरा स्तंभ है, वह मजबूती से हर मुद्दे पर गहन चर्चा कर सके और समाज के हित में कार्य कर सके।” श्री सोनी जी ने आगे कहा कि पत्रकारिता आज अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सभी पत्रकार आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और संगठन के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करें। इस मौके पर गोपाल गावंडे जी ने रणजीत टाइम्स की ओर से श्री जीतू सोनी जी को मां अहिल्या की प्रतिमा भेंट कर उनका विशेष स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

### गोपाल गावंडे जी ने कहा

“NUJI संगठन के माध्यम से पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कार्य किए जाएंगे। हमारा उद्देश्य पत्रकारिता को जनहित में और अधिक सशक्त बनाना है।” इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार उत्सव सोनी, रणजीत टाइम्स संवाददाता राजेश धाकड़, राजनीति 24 न्यूज के प्रतिनिधि एवं संवाददाता दीपक वाडेकर, पत्रकार



, मुरली फावड़े, वरिष्ठ पत्रकार विपिन शर्मा सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। उपस्थित पत्रकारों ने भी NUJI संगठन की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। चर्चा में कहा गया कि एकजुट होकर ही पत्रकारिता अपने दायित्वों को बेहतर तरीके से निभा सकती है और समाज को सही दिशा दिखा सकती है। जीतू सोनी जी ने NUJI की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा में पूरी तत्परता से कार्य करेगा यही उम्मीद के साथ शुभकामनाएं दी।

# दृढ़, आत्मविश्वासी व संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण करता है सहजयोग



मनुष्य में शारीरिक शक्ति प्रबल हो या नहीं आत्मविश्वास की शक्ति से वह जीवन में कई उंचाईयों को प्राप्त कर लेता है। शारीरिक रूप से पूर्णतया सक्षम व्यक्ति भी कई बार आत्मविश्वास की कमी के कारण जीवन में पिछड़ जाता है। आत्मविश्वास की शक्ति ही बडे से बड़ा कार्य करवा लेती है। कई बार हमनें देखा है कि बड़ी से बड़ी बीमारी से जूझता रोगी भी अपने आत्मविश्वास के बल पर बीमारी पर विजय पा लेता है। आत्मविश्वास से ही कार्यशक्ति बढ़ती है और अद्भुत कार्य होते हैं। परंतु हमारे अंदर आत्मविश्वास है या नहीं यह हम कैसे जाने, यह एक सहज प्रश्न है। दरअसल हमें अपने आत्मविश्वास की आवाज स्वयं ही सुननी पड़ती है। यदि हमें अपने अतंर में सदैव व्याप्त आत्मविश्वास को समझना है, तो हमें स्वयं को अंदर तक टटोलना होगा। इसके लिए ध्यान धारणा एक योग्य मार्ग है। गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर उनका आत्मविश्वास जगाया था और अर्जुन ने एक साक्षी के रुप में पूरे महाभारत को देखते हुए युद्ध में अहम भूमिका निभाई।

जीवन में जो भी दुख, क्लेश और असफलताएं हैं, उसका कारण अविश्वास या आत्मविश्वास की कमी है। आत्मविश्वास यानि अपनी आत्मा पर विश्वास, हमारे अंदर के ईश्वर पर विश्वास। जिसे जागृत करने के बाद हम अपने अंदर ईश्वर के साक्षी बनते हैं, चैतन्य के माध्यम से अपनी शक्ति को महसूस करते है और यह अनुभूति हमें आत्मविश्वासी बनाती है। सहज योग ध्यान के माध्यम से हम अपने अंदर के ईश्वर को महसूस कर पाते हैं। कई गुणों को जागृत कर एक सफल जीवन का आशीर्वाद पाते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# चैन स्नैचिंग करने बाले शातिर आरोपी पुलिस थाना अन्नपूर्णा की गिरफ्त मे

## अन्नपूर्णा पुलिस ने 10 घंटे मे किया चैन स्नैचिंग की घटना का पर्दाफास

## आरोपियो द्वारा इंदौर शहर मे कई जगह दिया घटना को अंजाम

इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की वारदातों को संज्ञान में लेकर पुलिस ने विशेष टीम बनाई थी जिसे आज सफलता भी मिली है और तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से तीन सोने की चैन भी बरामद की



गई है बताया जा रहा है की मौज मस्ती और अपने शौक पूरे करने के लिए वह चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया करते थे एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के मुताबिक अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र लगातार हो रही चेन स्नेचिंग के मामले में एसीपी शिवेंदु जोशी के निर्देशन में थाना प्रभारी अजय नायर के साथ टीम गठित करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास तीन सोने की चैन बरामद की गई पकड़ाए बदमाशों के नाम शिवम, महेंद्र, और एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है इस मामले में पुलिस ने तीन चेन स्नेचिंग की वारदातों का खुलासा किया गया जिसमें बताया जा रहा है कि महिलाओं को निशाना बनाते हुए अपनी मौज मस्ती के लिए बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था ।

# धूमधाम से निकली परशुराम युवा सेना की कार कावड़ यात्रा, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह





**राजेश धाकड़**

**इंदौर। श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन द्वारा परंपरागत कार कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा की अगुवाई संगठन के संस्थापक पं. वैभव पांडेय ने की। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, योगेंद्र महंत, पवन शर्मा, नितिन मालू, नितिन धारकर, संदीप दुबे समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**

यात्रा में शामिल बबलू शर्मा, गौरव पांडेय और आशीष शुक्ला ने संपूर्ण व्यवस्था को सुसंगठित ढंग से संभाला। इस आयोजन में सैकड़ों चार पहिया वाहनों की भागीदारी रही, जिसने यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली ने जानकारी दी कि इस बार यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्वागत मंच नहीं लगाए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे मार्ग में युवाओं का जोश और श्रद्धा देखने लायक थी। सभी भक्तों ने कावड़ उठाकर महाकाल बाबा को जल अर्पित किया और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण को शिवमय बना दिया।

# बाबा महाकाल की 14वीं भव्य शाही सवारी व कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**राजेश धाकड़**

सनावदिया में भक्ति, उत्साह और परंपरा का अनुपम संगम सावन मास की पावन बेला में ग्राम सनावदिया में बाबा महाकाल की 14वीं शाही सवारी एवं कलश यात्रा का भव्य आयोजन आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संस्था श्री रामेश्वरम एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न यह आयोजन पूरे क्षेत्र में भक्ति का केंद्रबिंदु बना रहा। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में निकली इस शाही सवारी के दौरान पूरा वातावरण "हर हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। कलश यात्रा में महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर बाबा की भक्ति में विलीन होकर ग्राम की गलियों को पवित्रता से भर दिया।



इस धार्मिक उत्सव ने न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रवि रावलिया, सनावदिया सरपंच श्रीमती उर्मिला बालकृष्ण सोलंकी, उपसरपंच प्रकाश रावलिया, उज्जवल रवि रावलिया, कल्याण धाकड़, रामकरण धाकड़, अशोक चौधरी, महेश चौधरी, नरेंद्र धाकड़, कमलेश जोशी, जगदीश राठौर, रोहित जोशी, गौरव रावलिया, विजय धाकड़, लाखन धाकड़, रोहित भंडारी, नरेश निगम, अनिक जोशी, कपिल धाकड़, रवि धाकड़, हर्ष धाकड़, अश्विन यादव, शिवम धाकड़, नीरज धाकड़ एवं योगेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों की एकजुटता और समर्पण ने इस आयोजन को सफल और यादगार बना दिया। यह उत्सव सनावदिया की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को और भी समृद्ध करता है।

**हाटपीपल्या से संजय प्रेम जोशी की रिपोर्ट**



हाटपिपल्या। सावन मास के तीसरे सोमवार को नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर से भगवान भोलेनाथ की सवारी नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। सवारी का नगर के मुख्य मार्गो पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की पुजा अर्चना कि गई । जोशी चौराहे पर संजय प्रेम जोशी (जन परिषद अध्यक्ष चैप्टर हाटपीपल्या) अजय जोशी द्वारा पुजन किया गया बस स्टैंड पर दिनेश दाधीची परिवार द्वारा पुजन किया गया।बस स्टैंड पर ही राजेश तंवर द्वारा पुजन किया गया इसी प्रकार नगर के मुख्य मार्ग पर एवं बजरंग चौराहे पर नरसिंह घाट पर आदि स्थानों पर सवारी का स्वागत कर भोलेनाथ की आरती पुजन किया गया।

# साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**संजय प्रेम जोशी**

शासकीय उ. मा. विद्यालय, हाटपीपल्या में विद्यार्थियों हेतु साइकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण राठौर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा की गयी | मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह कवड़िया ने अपनी उपस्थिति प्रदान की | विशेष अतिथि के रूप में विजेंद्र सिंह शक्तावत एवं अन्य गणमान्य अतिथि रमेश संदूकलिया, राधेश्याम सोलंकी, बापूलाल धोसरिया , नौशाद पटेल ने उपस्थित रहकर छात्रों का मार्गदर्शन किया | इस अवसर पर पीएम श्री कन्या विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एन. पी. सिंह ने भी उपस्थित रहकर छात्रों एवं जन प्रतिनिधियों को संबोधित किया | कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया |सरस्वती वंदना शिक्षिका नेहा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गयी | कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक यशवंत कुमार ध्रुव, शंकरलाल डोलिया, दीपिका विश्वकर्मा, मांगीलाल पाटीदार, शैलेंद्र सिंह पंवार, अभिषेक आर्य, शालिनी पाल, अंकिता बुनकर, प्रियंका कचोले, रानी पाटीदार, चंदन शर्मा, जितेंद्र मालवीय, भूरसिंह बामनिया , बिंदुराज बगाना एवं प्रमोद मालवीय उपस्थित रहे | आभार प्रभारी प्राचार्य विरेंद्र सिंह सेंधव द्वारा एवं संचालन चंद्रशेखर राव द्वारा किया गया | साइकिल वितरण के उपरान्त श्री राठौर एवं समस्त अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में एक पौधा माँ के नाम पर लगाया गया |

# फेडरेशन की राष्ट्रीय कांफ्रेंस के मुख्य कार्यालय का उदघाटन



रणजीत टाइम्स

इंदौर । अ.भा.जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा पालीताणा मे आगामी 15 वी राष्ट्रीय कांफ्रेंस के कार्यालय का उद्घाटन आज इंदौर में पार्श्व आरोग्यम मनोरमागंज इंदौर पर समाजसेवी श्री अतुल कांकरिया के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने उपस्थित महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा कि 12,13 और 14 सितम्बर 2025 को शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा गुजरात में आयोजित कांफ्रेंस की व्यापक तैयारियों के लिए मुख्य केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिससे नियमित कार्य किए जा सकेंगे।

इस तरह फेडरेशन की इस कांफ्रेंस को ऐतिहासिक बनाने के लिए बहुत सी समितियों का गठन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से अर्थ संग्रह व्यवस्था जय सिंह जैन,दिलीप सी जैन, डा नरेंद्र धाकड़, वरिष्ठ अभिभाषक दिलीप सिसोदिया,पियूष जैन,राजेंद्र जैन,प्रकाश भटेवरा,संजय नाहर,नरेंद्र संचेती की समिति बनाई गई। अवार्ड समारोह की संपूर्ण रूपरेखा पियूष जैन,आवास व्यवस्था राजेंद्र जैन,भोजन निर्माण संजय नाहर,अतिथि आमंत्रण एवं स्वागत समिति प्रकाश भटेवरा,रथ यात्रा वरघोड़ा नरेंद्र संचेती, भक्ति संध्या अभय बाफना ओर प्रभात चोपड़ा तथा उपहार वितरण वीरेंद्र जैन,नरेंद्र भंडारी,सांस्कृतिक समारोह जिनेश्वर जैन के निर्देशन मे होगा। फेडरेशन विगत 30 वर्षो से मैत्री से संगठन ओर संगठन से सेवा रूपी ध्येय सूत्र पर कार्य कर रही है।

समारोह में अनिल चोरड़िया,सुशील तातेड,राजेश साभद्रा,विकास हुंडिया,आशीष धारीवाल,नवीन जैन,शैलेन्द्र नाहर, डा अतुल नाहर,अजितजैन,अनिलसामोता,अनिल सकलेचा,गगन जैन,कमलेश कोठारी,अजय जैन, प्रियंक शाह,रितेश कटकानी,अखिल चौधरी,सुविधि जवेरी,विनोद जैन,विवेक लोढ़ा,मनोज डंक,लक्की जैन, डा शरद डोसी,संध्या छाजेड़,सुभाष श्री श्रीमाल,अनिल जैन कोषाध्यक्ष,आकाश जैन,राजेश सेलोत,ललित बंबोरी,स्वप्निल संचेती,प्रकाश नाहर बडौद,सुनील तातेड,सुरेंद्र जैन, पंकज बाफना,पुष्पेंद्र भंडारी, आशीष पारख आदि उपस्थित थे। संचालन महासचिव त्रय वीरेंद्र नाहर,किरण सिरोलिया,अरिहंत जैन ने किया।

# भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) एवं नगर निगम इंदौर द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन



रणजीत टाइम्स

इंदौर । भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के इंदौर चैप्टर द्वारा इंदौर नगर निगम के सहयोग से आज प्रातः 08:30 बजे राजवाड़ा सर्कल, इंदौर में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित स्टूडेंट मंथ के अंतर्गत किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि अपर आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन, श्री अभिलाष मिश्रा, नगर निगम इंदौर रहे। श्री अभिलाष मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगो को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई एवं सफाई के लिए जागरूकता का सन्देश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना और युवाओं, विशेष रूप से छात्रों को राष्ट्रहित में सफाई अभियान से जोड़ना रहा। "स्वच्छता ही सेवा है" की भावना के साथ छात्र-छात्राओं और सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर राजवाड़ा क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे, सचिव सीएस मनीष जोशी, सीएस अंकित मेड़तवाल , सीएस सुरभि अग्रवाल एवं सीएस पलाश जैन ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इंदौर नगर निगम की और से डॉ. अखिलेश उपाध्याय, मुख्य स्वस्थ्य अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा इंदौर के लगातार आठवीं बार नंबर 1 आने पर नगर निगम कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया एवं उपस्थित महिला सफाई कर्मियों को साड़ी का वितरण भी गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के छात्र, सदस्य और नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। स्वच्छता के इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ भारत के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान हमेशा से ही सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति जागरूक रहा है।

# एक पेड़ माँ के नाम जीएसीसी में राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया पौधरोपण

रणजीत टाइम्स

इंदौर । प्रधानमंत्री कार्यालय एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर मे राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, देवी विश्वविद्यालय ,इंदौर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रकाश गढ़वाल द्वारा सोमवार को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का निरीक्षण किया गया ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ प्रकाश गढ़वाल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में विस्तृत से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के



अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के समक्ष प्राचार्य डॉ ममता चंद्रशेखर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल सर के करकमलो से पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रकाश गर्ग, डॉ महेश गुप्ता , डॉ अजय काले ,



डॉ डी.एन. पुरोहित ,डॉ सुरेश कटारिया , डॉ पद्मा पटेल , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शांता चौहान ,प्रोफेसर अरुण कुमार आर्य, डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे आदि उपस्थित थे।

रणजीत टाइम्स 04
इंदौर, बुधवार 30 जुलाई 2025

# सरदारपुर प्रस्तुति डिलीवरी वार्ड पुरानी बिल्डिंग के पीछे का कुछ हिस्सा गिरा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा




## सरकारी अस्पताल की छत से टपकता पानी, मरीज फिर भी इलाज कराने को मजबूर - डिलीवरी वार्ड जर्जर अवस्था में पलंग की कमी के कारण जमीन पर लेटना पड़ रहा गर्भवती महिला को

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । जब-जब बात सरदारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आती है आखिर मरीज को क्यों सताती है डॉक्टर जैन की याद डॉ एम,एल,जैन के जाने के बाद सरदारपुर अस्पताल जिम्मेदारी तो डॉक्टर जोशी, व शीला मुजाल्दा ने संभाल ली मगर व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नेता सरकार भले ही मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का दावा करती हो लेकिन जमीनी हकीकत सरकार व क्षेत्रीय अधिकारी के दावों की पोल खोलती नजर आ रही है.। सरकारी अस्पताल की छत से टपकता पानी व बिना पलंग वह बिना बिस्तर के गर्भवती महिला जमीन पर सोने पर मजबूर

धार। सरदारपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के लिए जरूरी संसाधनों की कमी के चलते करीब 50 से भी अधिक गांवों से आने वाले मरीजों को काफी परेशान होना पड़ता है. यहां पर बारिश की वजह से अस्पताल का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं है जिसकी छत से पानी नहीं टपकता हो. मजबूरन मरीजों को टपकती छत के नीचे उपचार करना पड़ रहा है. साथ ही गर्भवती महिला प्रस्तुति केंद्र पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है साथ ही गर्भवती महिलाओं को व्यवस्था के कारण पलंग भी नहीं मिल पा रहे साथ ही बिना गद्दे के ही जमीन पर सोने को मजबूर यह स्थिति देखकर सरदारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर भी बेहद परेशान है एक तरफ सरकार ने करोड़ों रुपए की लागत से नए अस्पताल का निर्माण तो करवा दिया गया मगर राजनीति के चलते लोकार्पण के कारण उसे अभी तक चालू नहीं किया गया प्रस्तुति कक्ष जर्जर अवस्था में कभी भी हो सकता कोई बड़ा हादसा कल भी प्रस्तुति कक्षा डिलीवरी वार्ड के पीछे का कुछ हिस्सा पानी की वजह से गिरा जिस किसी की जान नानी नहीं हुई मगर जिमेदार कर रहे बडे हादसे का इंतजार सरदारपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्स-रे मशीन भी कई दिनों से बंद सहित सोनोग्राफी की सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है. जिसके चलते यहां पर दुर्घटना के दौरान गम्भीर रूप से घायल मरीजों को रेफर कर दिया जाता है. यहां पर मशीनों की व्यवस्था के कारण विशेषज्ञ डॉक्टर से उपचार कराने मरीजों को जिला अस्पताल जाना पड़ता है. सरदारपुर विकासखंड से सैकड़ों आदिवासी ग्राम जुड़े हुए है. लेकिन स्थानीय विधायक प्रताप ग्रेवाल व भाजपा के पूर्व विधायक वेलसिंग जी भूरिया व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव व धार लोकप्रिय सांसद सावित्री ठाकुर जैसे दिग्गज नेता के द्वारा भी इन मरीजों की सुविधाओं के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे है. जब बात खरमोर की निराकरण की आई तो सभी राजनीतिक दल अपने-अपने पार्टी का श्रेय लेने जनता के सामने आए मगर जब बात जनता की मूलभूत सुविधा की आती है तो आखिर यही राजनेता घर से बाहर आकर मरीजों की परेशानी क्यों नहीं समझते अब देखना यह है कि इस खबर के प्रकाशित होने के बाद क्या मरीज को सुविधा करवा पाएंगे क्षेत्र के नेता व अधिकारी

# महिला एवं बाल विकास विभाग पर मंत्री के आरोपों ने उजागर की भाजपा सरकार की अंदरूनी लड़ाई

## एक तरफ एक भाजपा मंत्री भ्रष्टाचार की बात कर रहे, दूसरी तरफ पूरा विभाग उन्हीं के खिलाफ लामबंद है — सच क्या है?



**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ, i प्रदेश के मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा विभाग में जारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी ने भाजपा सरकार की प्रशासनिक अस्थिरता और अंदरूनी टकराव को उजागर कर दिया है। श्री चौहान ने एक वीडियो में विभागीय भर्ती प्रक्रिया को लेकर दलालों की सक्रियता और अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। यह बयान उस प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा करता है जिसे स्वयं भाजपा सरकार ने MP Online के माध्यम से "पारदर्शी" बताकर शुरू किया था।

अब स्थिति यह है कि झाबुआ, आलीराजपुर सहित प्रदेश भर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मंत्रीजी के बयान के विरोध में उतर आए हैं। संयुक्त मोर्चा ICDS परियोजना अधिकारी संघ, पर्यवेक्षक संघ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए आज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार के मंत्री और विभाग एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सवाल उठता है कि अगर मंत्रीजी सही हैं, तो क्या मुख्यमंत्री भर्ती प्रक्रिया की जांच कराएंगे? और अगर मंत्रीजी गलत हैं, तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई होगी?

**कांग्रेस की माँग**

1. मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा लगाए गए आरोपों की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करवाई जाए।
2. मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपने मंत्री के साथ खड़े हैं या विभागीय कर्मचारियों के साथ?

भाजपा सरकार अब स्वयं अपने झूठ और भ्रष्टाचार में उलझ चुकी है। जब सरकार के मंत्री ही अपने विभागों की ईमानदारी पर सवाल उठाएं, तो यह सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है।


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को लेकर जनता के बीच जाएगी और भाजपा की अंदरूनी अराजकता को बेनकाब करेगी।

# मांसाहारी दुध! संस्कार, संस्कृति पर सेंध लगाकर अब भारतीय पुजा पद्धति को दूषित करने की तैयारी

## भारत को यदि पुनः भारत बनाना है तो जन-जागरण जरूरी।

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । कुछ दिनों से समाचार पत्रों के माध्यम से एक मुद्दा सामने आया है कि अमेरिका से व्यवसायिक अनुबंध के चलते अमेरिका अपने डेयरी प्रोडक्ट्स को भारत में भेजना चाहता है जिसके अन्तर्गत गाय अन्य दुधारू पशुओं का दुध एवं अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। जिसे लेने से भारत सरकार ने मना कर दिया क्योंकि ये दुध मांसाहारी दुध की श्रेणी में आता है। यह बात निराधार नहीं है क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरिका में गाय व अन्य दुधारू पशुओं को पशुओं का मांस, ख़ून एवं हड्डियों से दूषित आहार (चारा) खिलाया जाता है। जो कि सूअर, मछली, कुत्ते बिल्ली, घोड़े आदि पशुओं से प्राप्त किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि यह एक असहनीय और भारतीय संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है। सरकार द्वारा लगाई गई रोक स्वागत योग्य है, परन्तु यह स्थाई नहीं है। अतः जन जागरण जरूरी है ताकि किसी भी दबाव के चलते किसी भी देश से ऐसे मांसाहारी डेयरी प्रोडक्ट किसी भी तरह से भारत में प्रवेश नहीं कर सके। अतः सभी भारतीय को अपने धार्मिक भावनाओं और आस्था को चोट लगे उसके पहले ही अपना विरोध दर्ज करते हुए शासन को सचेत कर देना जरूरी है ताकि जिस प्रकार हमारे गुरुकुल नष्ट करके हमारी शिक्षा पद्धती दूषित कर दी गई। हमारे रहन-सहन पहनावा दूषित हुआ है उसी तरह हमारे आस्था के मन्दिर दूषित करने का षड्यंत्र सफल नहीं होने पाऐ। पाटोदी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक स्थलों पर दुग्धाभिषेक, दुध से बना प्रसाद चढ़ाने की प्रथा है। यदि गलती से भी यह प्रोडक्ट भारतीय बाजार में आ गये तो हमारी सदियों पुरानी पुजा पद्धती दूषित हो जाएगी। शाकाहारी समाज ना चाहते हुए भी मांसाहार का दोषी हो जाएगा क्योंकि दुध हमारे भोजन का महत्वपूर्ण अंग है। व्यवसायिक दृष्टि से भी देखें तो भारत में लगभग 9 करोड़ परिवार डेयरी उद्योग से जुड़े हुए हैं जिनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ने का भय भी है। गो पालकों का भविष्य भी ख़तरे में पड़ जाएगा। वर्द्धमानपुर शोध संस्थान बदनावर वर्द्धमानपुर एवं इंदौर नगर के सामाजिक संगठन के राजेश जैन (फुलजी बा), राजमल सूर्या, सुरेन्द्र मूणत, राजेश मोदी, विजय बाफना, महेन्द्र सुंदेचा, राजेन्द्र सराफ, अनिल लुनिया, सर्वेश मंडलेचा, सौरभ जैन (बिट्टू), हेमंत मोदी, अभिषेक टल्ला, शुशील जैन, पवन पाटोदी, सुशील मोदी, ललित गोधा, स्वप्निल जैन, ओम पाटोदी सहित एवरग्रीन ग्रुप की सदस्यता सीमा शर्मा, जयश्री भट्ट, अंतिम सोनी, सारिका पटेल, मोनिका पवार, दीपा शर्मा एवं गौशाला प्रमुख भेरूलाल पाण्डया, सुशील टच, राजेश मोदी गौ-पालन किशन गुर्जर वैश्य महासम्मेलन के अरूण सुंदेचा, विमलेश पगारिया, संजय अग्रवाल आदि ने शिघ्रता से अनुबंध रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि यह अनुबंध स्वीकार नहीं है।



# सरस्वती शिशु मंदिर नागदा वार्षिक साधारण सभा बैठक संपन्न

**रणजीत टाइम्स**



उज्जैन/नागदा जं.। दिनांक 27 जून 2025 रविवार विक्रम शिक्षण प्रसार समिति नागदा की वार्षिक साधारण सभा बैठक विद्या भारती मालवा द्वारा अधिकृत अधिकारी सम्माननीय श्रीमान महेंद्र भगत, विभाग समन्वयक उज्जैन विभाग, बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष श्रीमान राजेंद्र कांठेड़ की अध्यक्षता में बैठक एजेंडा अनुसार संपन्न हुई। गत साधारण सभा की पुष्टि व्यवस्थापक गिरधारी सिंह शेखावत के द्वारा की गई। विद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन संस्था प्राचार्य मनीष सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। ऑडिट रिपोर्ट सत्र 2024-25 का वाचन एवं आगामी वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट संस्था कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा प्रस्तुत किया गया। समस्त संवैधानिक अधिकार हेतु सचिव महोदय को सर्वानुमति से अधिकृत किया गया। बैठक पश्चात विद्यालय समिति परिवार द्वारा विद्यालय के आचार्य एवं दीदीयो का माध्यमिक शिक्षा मण्डल दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में विषय वार शत-प्रतिशत वार्षिक परिणाम देने पर एवं समस्त आचार्य, दीदियों का भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने पर उन्हें भी पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रांतीय अधिकारी श्रीमान महेंद्र भगत विभाग समन्वयक उज्जैन विभाग एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री हनुमान प्रसाद शर्मा एवं श्री रमेश चौधरी का समिति पदाधिकारियों द्वारा उनका श्रीफ़ल एवं शाल से सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि प्रान्त अधिकारी महेंद्र भगत ने विक्रम शिक्षण प्रसार समिति के पदाधिकारियों एवं समस्त आचार्य परिवार को धन्यवाद देते हुए विद्यालय निरंतर उन्नति के शिखर पर पहुंचे तथा समिति पदाधिकारी, आचार्य परिवार एवं दीदियों के कार्यो की सराहना भी की। कल्याण मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित अशोक गुर्जर, विशाल बहल, नीरज जैन, सी जी मोहन, गुलजारी त्रिवेदी, शरद त्रिवेदी, खुशाल सिंह जाजोरिया, पवन अग्रवाल, हरचरण चावला शिशु मंदिर बिरलाग्राम प्रधानाचार्य श्रीमती श्वेता त्रिवेदी एवं समस्त आचार्य परिवार था। आभार समिति व्यवस्थापक गिरधारी सिंह शेखावत ने माना। अन्त में सहभोज के साथ सभा का समापन हुआ।

# पश्चिमांचल माहेश्वरी युवा संगठनद्वारा भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न..




**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । मध्यप्रदेश पश्चिमांचल प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन 26 एवं 27 जुलाई को आई टी सी क्रिकेट टर्फ ग्राउंड इंदौर में सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट में प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी 16 ही जिलो की 20 टीमों के माध्यम से युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें में माहेश्वरी यूथ इंदौर ने माहेश्वरी वारियर, इंदौर* को हराकर विजेता बनकर ट्राफी प्राप्त की। विजेता टीम को 41000 और उपविजेता टीम को 21000 का नगद पुरस्कार भी दिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश जी अजमेरा,अशोकजी ईनानी, अजय जी सोडानी,राजेश जी मुंगड़, भरत जी बाहेती, प्रेम जी माहेश्वरी,जितेश जी लड्ढा प्रादेशिक सभा अध्यक्ष श्री पुष्पजी माहेश्वरी, मानद मंत्री श्री अजयजी झँवर, प्रदेश महिला संगठन सचिव शोभाजी माहेश्वरी, माधुरीजी सोमानी थे, जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए, कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को एकजुट करते हैं और उनके भीतर नेतृत्व व सहयोग की भावना का विकास करते हैं। इंदौर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप जी धुत,संयुक्त मंत्री नीलेश जी सारडा,कार्यालय मंत्री राधेश्याम जी काबरा भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ,अध्यक्ष जी ने प्रादेशिक युवा संगठन कि सराहना करते हुये उत्कृष्ट कार्य के लिए 11000 कि सहयोग राशि कि घोषणा करी। युवाओं के मार्गदर्शक अशोकजी ईनानी ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ना और एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाना था। उन्होंने सभी टीमों, आयोजकों और सहयोगियों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

प्रदेश अध्यक्ष युवा संगठन अभिषेक जी बजाज, सचिव सपनजी माहेश्वरी,




खेल मंत्री रजतजी लड्ढा, प्रचार मंत्री मनीषजी गगरानी, सांस्कृतिक मंत्री गौरवजी दरक, संगठन मंत्री गोविंदा गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनीष राठी,सौरभ राठी, बादल बांगड़,निखिल मंत्री, अंचित बल्दवा, आयुष मालानी,विनय सिंगी,दीपक अगीवाल,पीयूष सोडानी,शुभम माहेश्वरी,कृष्णा लड्ढा एवं समस्त जिला अध्यक्ष जिला सचिव एव दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सपन माहेश्वरी निखिल मंत्री ने किया और अंत में आभार रजत लड्ढा प्रेषित किया । दर्शकों की भारी उपस्थिति और खिलाड़ियों के जोश ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

# नागपंचमी पर नागनाथ मंदिर पर हुई भीड़

**रणजीत टाइम्स**





खेतिया । हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह दिन नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित होता है। पौराणिक काल से सर्प देवताओं की पूजन की परंपरा है और ये सिर्फ़ सनातन ही नहीं अनेक संस्कृतियों में लोकप्रिय है। ऐसी मान्यता है कि नाग की पूजा करने से सांपों के कारण होने वाला किसी भी प्रकार का भय खत्म हो जाता है। खेतिया सेंधवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर खेतिया के अति प्राचीन नागनाथ मंदिर पर आज नागपंचमी के अवसर पर नागदेवता की प्रतिमा पर दूध जल अर्पित करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गयी,सभी बारी बारी से पूजन कर जल व दूध अर्पित करते रहे। शहर में सुबह से बारिश की फुहारों के बीच श्रद्धालु नागनाथ मंदिर पहुंचे जहाँ श्रद्धालुओं हेतु वॉटरप्रूफ टैंट लगा था वही महाराष्ट्र सीमा में पंचेश्वर महादेव मंदिर, शिव पिपलेश्वर मंदिर पर भी श्रद्धालु पहुंचे।नागनाथ मंदिर शहर का अति प्राचीन मंदिर है जहां नाग देवता की प्रतिमा स्थापित है,अनेक वर्षों से श्रद्धालु यहाँ पहुंच कर पूजा अर्चना कर रहे,नागपंचमी के अवसर पर आज बहुत अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे।श्रावण मास के चलते निरन्तर पूजन किया जा रहा। पौराणिक कथाओं के माध्यम से जानते है नागपंचमी का महत्व,को लेकर प. राजेन्द्र जी कुलकर्णी(राजू महाराज)बताते है कि एक नही अनेक पौराणिक कथाओं में नाग देवता का वर्णन आता है नाग देवता का पूजन करने से हम सांपों के भय से मुक्त होते हैं पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र थे। जब जनमेजय ने पिता की मृत्यु का कारण सर्पदंश जाना तो उसने आवेशवश बदला लेने के लिए सर्पसत्र नामक यज्ञ का आयोजन किया जिसमें नाग वंश को समूल नष्ट करने का प्रयोजन किया। यज्ञ संपूर्ण होने के पूर्व ही नागों की रक्षा के लिए यज्ञ को ऋषि आस्तिक मुनि ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन यज्ञ को रोक दिया और नागों की रक्षा की।

उन्होंने जन्मजेय को नागों की सृष्टि में महत्ता, नागों का शिव संरक्षण आदि की दीक्षा दी। जन्मजेय ने न सिर्फ़ ऋषि से बल्कि नागों से भी अपने कृत्य के लिए क्षमा मांगी आस्तिक मुनि की पहल से तक्षक नाग के बचने से नागों का वंश बच गया। यज्ञ के आग के ताप से नाग को बचाने के लिए ऋषि ने उन पर शीतल कच्चा दूध डाल दिया। तभी से नागपंचमी मनाई जाने लगी। वहीं नाग देवता को दूध चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। नाग देवता का पूजन करने से नाग देवता प्रसन्न रहते हैं वही मां सांपों के भय से मुक्त होता है।

## भाजपा प्रदेशअध्यक्ष के काम करने का नया अंदाज

रणजीत टाइम्स

भोपाल । प्रदेश भाजपा के नए मुखिया हेमंत खंडेलवाल पद संभालने के बाद से ही कुछ नया करते दिखाई पडऩे लगे हैं। उनके प्रयासों की तारीफ होने लगी है। एक निर्णय में तय किया गया है कि प्रदेश कार्यालय में हर दिन एक मंत्री जरूर बैठेगा। मंत्री न केवल कार्यालय में बैठकर लोगों से मुलाकात करेंगे, बल्कि प्रमुख विषयों पर सरकार का पक्ष भी रखेंगे। एक अन्य निर्णय में खंडेलवाल ने तय किया है कि वे खुद कार्यकर्ताओं से सोमवार और मंगलवार को मिलेंगे ताकि नेता-कार्यकर्ता हर रोज प्रदेश कार्यालय का, चक्कर न लगाएं। उन्होंने जिला अध्यक्षों से भी कहा है कि वे कार्यालय में सातों दिन न बैठे। जिला कार्यालय पर रहने के लिए दो दिन तय करें और बाकी दिनों में जिले में प्रवास के कार्यक्रम बनाएं। साफ है कि खंडेलवाल के अंदर व्यवस्था में सुधार की ललक है।



## जनसुनवाई में 54 आवेदन प्राप्त

**शाजापुर । मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 54 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।**



## "नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा" एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम

अंतिम युद्ध -पिंटू सिंह देवड़ा



शाजापुर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्ष के नेतृत्व एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन में "नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा" का आरम्भ 24 जुलाई 2025 हरियाली अमावस्या से किया गया है, जो 05 दिवस तक शाजापुर जिले के प्रत्येक विकासखंड के चयनित ग्रामो में किया जा चुका है। विगत 27 जुलाई को ग्राम बड़बेली, पोलायकलां, मुगोद में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। बड़बेली में नवांकर संस्था अस्मिता, सोशल वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजन किया गया था। पोलायकलां के ग्राम मुगोद में जनअभियान परिषद द्वारा हरियाली यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणजनों को विभिन्न फल प्रजाति के बीजों का वितरण किया गया।

28 जुलाई 2025 को शाजापुर विकासखंड के ग्राम सुन्दरसी, उमरोद (देवास), लड़ावद, सुनेरा, सेमलीधाम, शुजालपुर के ग्राम मगरानीया, मोहन बड़ोदिया विकासखंड के ग्राम सिमरोल एवं कालापीपल विकासखंड के ग्राम सलकनखेड़ी, पनवाड़ी सेक्टर के ग्राम लड़ावद एवं सुनेरा में "नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा" का आयोजन किया गया। जिसमें नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया एवं समस्त नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों को वितरण किया गया। सभी स्थानों पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। जिला समन्वयक श्री विष्णु प्रसाद नागर ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं परिषद उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर की मंशा से जोड़ते हुए कहा कि बीज रोपण के साथ एक वर्ष तक देखभाल करना और फिर भावनात्मक रूप से पौधों को रोपित करना सामाजिक बदलाव की दिशा में एक सशक्त कदम है। संस्था प्रतिनिधि श्री घनश्याम नागर ने महिलाओं से अपील की कि वे जैसे अपने बच्चों की देखभाल करती हैं, वैसे ही इन पौधों को भी पोषण दें और आने वाले वर्ष इन्हें अपने आंगन या खेत में रोपित करें।

## शासकीय आदर्श एकलव्य विद्यालय में राष्ट्रध्वज का अपमान- आमजन व पत्रकारों में रोष



रणजीत टाइम्स

भगवानपुरा । नगर के सतीपुरा स्थित निर्माणाधीन शासकीय आदर्श एकलव्य विद्यालय में देश के राष्ट्रध्वज का अपमान किया गया । जिससे कि भारतीय पत्रकार संघ तहसील इकाई के समस्त पत्रकारों में एवं नागरिकों में आक्रोश व्याप्त हैं। जिसको लेकर भारतीय पत्रकार संघ द्वारा पुलिस थाने में पुलिस अधीक्षक एवं तहसील कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण कंपनी के ठेकेदार एवं कर्मचारीयो पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। बता दे कि, सोमवार को अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तिरंगे को कटी फटी हालत में देखकर गहरा दुख जताया और निर्माण कंपनी के इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। साथ ही आर्य ने एकलव्य भवन निर्माण में भारी भ्रष्टचार का आरोप लगाया और कलेक्टर से चर्चा कर जांच करवाने की बात कहीं। यंहा सवाल ये खड़ा होता हैं कि, जब संबंधित विभाग द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है तो अधिकारी और उपयंत्री को निरीक्षण के दौरान ये सरिए पर जर्जर हालत में लटकता हुआ तिरंगा क्यों नहीं दिखा। देश की आन बान शान तिरंगे का इस प्रकार से अपमान होना, एक बड़े अपराध की श्रेणी में आता हैं। परिसर में 26 जनवरी 2025 को तिरंगा फहराया गया था। जिसके 6 महीने बाद भी तिरंगा उसी स्थान पर कटा फटा हुआ मिला। कलेक्टर महोदया एवं एसपी से निवेदन हैं कि,मामले की उचित जांच कर निर्माण कंपनी के ठेकेदार एवं कर्मचारी जो भी जिम्मेदार हैं, उनपर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस प्रकार तिरंगे का अपमान करने में धारा 2 के तहत तीन साल की सजा का प्रावधान हैं। ज्ञापन के दौरान भारतीय पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष सुरेश राठौड़, महेश मालवीया , इशाक पठान, रेवलसिंह पटेल, छतरसिंह मंडलोई, सूर्यप्रताप ठाकुर, विजय पाटील, प्रदीप महाजन, स्वप्निल गुप्ता, नरेंद्र दवाने, संतोष जाधव, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं नागरिक मौजूद थे।

## नाग पंचमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रणजीत टाइम्स



भगवानपुरा । नाग पंचमी पर मंगलवार सुबह से शाम तक नगर व आसपास क्षेत्र के भीलट देव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सतपुड़ा की पहाड़ियों पर बने भीलट देव मंदिरों को फूलों व विद्युत लाइटों से सजाया गया। श्रीराम मंदिर के पं. जुगल किशोर शुक्ला ने बताया कि सुबह से ओंकार टेकरी व पिपलिया बावड़ी भीलट देव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। पिपलिया बावडी के मंदिर तक पहुंचने वाला दो किमी का रास्ता खराब होने से श्रद्धालुओं को परेशानियां झेलना पड़ी। दोपहिया वाहन फिसलते-गिरते रहे। मुख्य मंदिर में बाबा का दूध व गंगाजल से अभिषेक व आरती की गई। आदिवासी समाज के लोग समूह में दर्शन करने पहुंचे। समाजसेवियों व संगठनों ने पंडाल लगाकर नुक्ति प्रसादी वितरित की। बाबा ग्रुप ने 251 किलो फल बांटे , ओंकार टेकरी स्थित निजी निवास पर धवलसिंह गवाड ने श्रद्धालुओं को दिनभर चाय पिलाई, आदिवासी समाजजनों ने पिपलिया बावड़ी भिलट देव मंदिर में नुक्ती और चाय की की प्रसादी बांटी। श्रद्धालुओं की सेवा में रोहित मालवीया पत्रकार योगेश घोड़के, पत्रकार राहुल मालवीया गणेश दुर्गेश पवन कुलदीप हेमंत , प्रीतेश गावड़ धवलसिंह गावड़ आदि दिनभर लग रहे।

# सामाजिक समरसता कावड यात्रा

## त्रिवेणी संगम के जल से केदारेश्वर महादेव का किया अभिषेक

## पिपलौदा में हुआ ऐतिहासिक भव्य स्वागत





रणजीत टाइम्स

पिपलौदा । पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर शिव भक्त सेवा समिति द्वारा श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर मिण्डाजी प्रारम्भ सामाजिक समरसता कावड यात्रा के नगर प्रवेश पर जोरदार स्वागत हुआ।कावड यात्रा कोठी पैलेस स्थित गणेश मन्दिर पहुची जहां पूजन अर्चन कर नगर प्रवेश हुआ यहा राजमाता रानी सिंह द्वारा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, यात्रा संयोजक प्रांजल पांडेय का सम्मान किया गया। नगर भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम जैन समाज, झाला परिवार, चिरायु हॉस्पिटल, भाजयुमो मण्डल, भाजपा मण्डल, ग्राम पंचायत धामेडी, महेश नांदेचा परिवार, महिला मोर्चा, शिवभक्त समिति गुडरखेड़ा, नागर परिवार, करणी सेना, नगर परिषद, सोसायटी, राणा मित्र मण्डल, चंद्रवंशी समाज, शिशु मंदिर परिवार, चमन चौराहे पर जायसवाल मित्र मण्डल, जवाहर चोक पर गोश्वामि परिवार, पटेल परिवार, झण्डा चोक पर नगर भाजपा, वार्ड 07 में पार्षद परिवार, गुर्जर परिवार, श्री राम अस्थल मंदिर समिति, नाका. न.02 पर जैन व धनगर परिवार, कमलाखेड़ा रोड पर, राम रसोड़ा समिति व राठौर परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर फरियाली सल्फहार की व्यवस्था की गई।

### क्षेत्र की खुशहाली के लिए की प्रार्थना - प्रांजल पांडेय

**यात्रा संयोजक प्रांजल पांडेय ने बताया कि सभी के कल्याण एवं क्षेत्र की खुशहाली व उन्नति की भावनाओ को लेकर मिण्डा जी त्रिवेणी संगम के जल से श्री केदारेश्वर महादेव का अभिषेक कर जनता व क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। भक्ति भाव व हर्षोल्लास के साथ निकलने वाली कावड यात्रा में हजारों शिवभक्तों की उपस्थिति रही।**

### कमलाखेड़ा में कमलेश्वर महादेव के किये दर्शन, आम्बा में हुआ रात्रि विश्राम

पिपलौदा नगर का भ्रमण कर यात्रा कमलेश्वर महादेव मंदिर कमलाखेड़ा पहुँची यहां दर्शन कर यात्रा गणेशगंज, शेरपुर होते हुए शाम करीब 9.30 बजे आम्बा पहुची जहाँ क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय ने स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ सभी कावड़ियों का स्वागत किया। आम्बा में रात्रि विश्राम कर प्रातः में यात्रा सैलाना स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर पहुची जहाँ जलाभिषेक कर महाआरती की गई।

---

## दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों का स्वालंबन शिविर का चतुर्थ दिवस

# देश की प्रगति में दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों का योगदान महत्वपूर्ण माना जाएगा -श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, समाज कल्याण एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़

रणजीत टाइम्स

इंदौर । दिव्यांग बच्चे इस पांच दिवसीय स्वावलंबन शिविर में जो सीख रहे हैं वह मैने उनको विभिन्न विद्याओं में पारंगत होते देखा और अलग अलग वस्तुओं को बनाते देखा।इन दृष्टिबाधित बच्चों के विषय में मेरा विचार था कि पांच दिवस में क्या सीख पाएंगे मगर यहां आकर देखा आज चौथे दिवस ही इतना सीख चुके हैं कि मैंने खूब प्रश्न किए हैं और दिव्यांग बच्चों ने सही सही जवाब दिए हैं।जहां देश में अधिकतर लोग और संस्थाएं दिव्यांग बच्चों के साथ बैनर,पोस्टर लगाकर केवल फोटो खिंचवाकर प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं वहीं यह संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मिसो, वास्तव में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के मोदी विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है और सबको साथ लेकर चलने का सही मार्ग प्रशस्त कर रही है।मुझे बताया गया कि इन बच्चों को प्रशिक्षण के साथ एक माह का सामान भी साथ में दिया जाएगा ताकि वे प्रशिक्षण के बाद भी इन वस्तुओं से सामग्री निर्माण कर उसे बाजार में बेच सकें और उनकी निरंतरता बनी रहे।जब भी हम छत्तीसगढ़ शासन की ओर से दिव्यांग योजना बनाएंगे, हम आप जैसी संस्थाओं के बताए मार्ग पर चलेंगे।




इतनी सुंदर व्यवस्था देखकर मैं अभिभूत हूं और अहिल्या की परम्परा को आज भी जिंदा रखे हुए हैं ,मालवा के लोग, वे धन्यवाद के पात्र हैं ये बच्चे स्वावलंबी बन दूसरों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाएंगे, देश का प्रत्येक युवा स्व रोजगार में स्थापित हो जाए तब देश की जीडीपी गतिमान हो जाएगी और देश स्वाभिमान और गौरव के साथ प्रगतिशील रहेगा जिसमें इन बच्चों का योगदान अव्वल माना जाएगा।उक्त विचार श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, समाज कल्याण, महिला, बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन,ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के पांच दिवसीय शिविर, होटल एच आर ग्रीन में शिविर की विभिन्न गतिविधियों के अवलोकन के बाद बच्चों के कार्यक्रम के बीच कहे।

स्वावलंबन पर बच्चों की कार्यशाला की विभिन्न कक्षाओं का गहन अवलोकन श्री अशोक जैन, श्री अरुण कुमार जैन, कावड़िया ने करवाया। इस दौरान अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष , पूर्व सांसद श्री पुष्प जी जैन द्वारा आधिकारिक सरकारी स्थिति और वास्तविक कार्य करने में आने वाली परेशानियों के बीच अपना काम किस तरह से संपन्न किया जाए इस पर प्रकाश डालते हुए मंत्री जी को ठोस दिशा में सही काम किस तरह किया जाए इसकी प्रेरणा दी।

अतिथियों का स्वागत श्री हुलास जी बेताला ने किया।स्मृति चिन्ह श्री पुष्प जी जैन, प्रकाश भटेवरा, हुल्लास बेताला, लोकेश कावड़िया, अरुण कुमार जैन, सुभाष वन्यायक्या आदि ने किया। स्वागत भाषण जितेन्द्र चोपड़ा ने दिया, अतिथि परिचय लोकेश कावड़िया ने दिया और आभार पियूष जैन ने माना। अरुण कुमार जैन

# माहेश्वरी महिला मंडल नागदा द्वारा तीज पर्व पर 12 उद्यापन विधिवत सम्पन्न

रणजीत टाइम्स

नागदा। माहेश्वरी महिला मंडल नागदा के तत्वावधान में सावन माह की हरीयाली तीज पर्व के पावन अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति मोहता के नेतृत्व में 12 उद्यापन विधिवत रूप से सम्पन्न करवाए गए। कार्यक्रम में समाज की बहनों ने धार्मिक आस्था और परंपराओं का निर्वहन करते हुए सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर महिला मंडल की सभी सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर शामिल हुईं। पूजा उपरांत सभी बहनों ने सामूहिक रूप से पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया एवं झूला झूलते हुए तीज पर्व की खुशियाँ मनाईं।



कार्यक्रम में अंजू आगीवाल, मोना आगीवाल, ऋतु सोडाणी, हेमा मोहता, नमिता राठी, मंजू राठी, सीमा राठी, सुरभि राठी, सरिता मंडोवरा (महिदपुर रोड), सीमा मालपानी, रेखा राठी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्याएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम मे उज्जैन एवं वड़ोदरा से कंचन सोडानी, सरिता सोडानी, वंदना सोडानी, शशि सोडानी, विष्णु मालपानी आदि अतिथि गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी बहनों ने एकजुट होकर आयोजन में सहयोग किया। माहेश्वरी महिला मंडल का यह आयोजन समाज में एकता, समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का प्रतीक रहा।

# भव्य सवारी का स्वागत



महाकाल सेवा संस्था द्वारा दिनांक 28.07.2025 को बाणगंगा स्थित बाबा बाणेश्वर की भव्य सवारी का स्वागत किया गया, संस्थान द्वारा ग्राम मोरोद माचला स्थित मंदिर के पास दोपहर 1 बजे वृक्ष रोपण किया गया, इस दौरान ग्राम मोरोद माचला स्थित मंदिर में महाआरती एवं भोजन प्रशादी का भी आयोजन भी रखा गया था, इसमें संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन नायक , दिनेश चौहान, लक्ष्मण जी महेश, सारंग गायधने,प्रवीण सूर्यवंशी, उज्वल व्यास चिंटू यादव, मुकेश प्रजापत, सुमित कुमायु, जय सोनी, राजू मोरे, मनीष प्रजापत, धर्मेन्द्र वर्मा, दिलीप सावन, गोपाल राठौर, गोविंद सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इन्दौर सहित मध्य प्रदेश में प्रत्यक्ष प्रणाली से महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस द्वारा विश्वविद्यालय का घेराव कर राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और मध्यप्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश उपाध्यक्ष पी.के.उपाध्याय के नेतृत्व में आज देवी अहिल्या विश्व विद्यालय पर घेराव कर विवि. रजिस्ट्रार श्री प्रज्वल खरे को शहर कांग्रेस द्वारा इंदौर सहित मध्य प्रदेश में विश्व विद्यालय व महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराये जाने व महाविद्यालय व छात्रवास में छात्र छात्राओं की समस्या के निराकरण हेतू मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के नाम एक ज्ञापन सौपा गया। यादव ने ज्ञापन में बताया है कि, इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मध्य प्रदेश सहित इंदौर में विश्वविद्यालय महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ के चुनाव शीघ्र ही घोषणा की जाये जब देश व प्रदेश में प्रत्यक्ष प्रणाली से लोकसभा विधानसभा सहित अन्य चुनाव हो सकते है तो लोकतंत्र में विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव क्यो नही हो सकते है। जहां छात्रसंघ प्रतिनिधी नही होने से महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र छात्राओं की समस्याये बनी रहती है। वही छात्र छात्रायें प्रवेश व अन्य समस्याओं के लिये भटकते रहते है। वही छात्रावासों में भी कई समस्यायें रहती है। जैसे की छात्रावासों में अच्छा भोजन नहीं मिलता है। वही मौजुद छात्रावास प्रभारी मनमानी कर प्रताडित करते है वही प्रायवेट व शासकीय महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में प्रवेश के दौरान मौजुद स्टाप द्वारा मनमानी की जाती है और कई दलाल यहां सक्रिय रहते हैं। जो छात्र छात्राओं से पैसे लेकर प्रवेश दिलवाते है। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये वही कई प्रायवेट कॉलेज एक या दो कमरों में संचालित हो रहे है। न ही उनके पास महाविद्यालय के हिसाब से बेठने की व्यवस्था के कमरे है ना ही स्टाप है ना ही खेल के मैदान है। ऐसे कॉलेज संचालकों पर भी कार्यवाही की जाये यही शासकीय व प्रायवेट छात्रावासों का नियम अनुसार निरीक्षण किया जाये। साथ ही महाविद्यालय एव छात्रावासों से संबंधित छात्र छात्राओं की समस्याओं का निराकरण किया जाये एवं प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव की घोषणा शीघ्र की जाये जिससे कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के माध्यम से नया नेतृत्व पैदा होगा। जो कि राजनैतिक दलों में पढ़े लिखे छात्र छात्रायें नेतृत्व करेंगें जो आम जनता की समस्याओं को सही ढंग से समझते है और समय समय पर यह पढ़ा लिखा तबका आम जनता की समस्या उठायेगा। साथ ही देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के D. Ed और B.Ed के 40000 से अधिक छात्र-छात्रों की सीटें खाली है। लेकिन हर बार विद्यार्थियों से फार्म भरवा कर उन्हें गुमराह किया जा रहा है और उसका फायदा प्राइवेट कॉलेज व दलाल उठा रहे हैं ऐसे में हमारा निवेदन है कि इसमें भी उचित कार्रवाई की जाए। वही महाविद्यालय में रैगिंग की निगरानी हेतु कमेटी का गठन किया जाए। ज्ञापन देने को मुख्य रूप से शहर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष मुकेश यादव,पी. के उपाध्याय,नीतीश भारद्वाज, विनोद वर्मा संजय शुक्ला सनी राजपाल संतोष सोनाने विभाष शर्मा कमल बघेल विशाल चतुर्वेदी अली अजगर भोपालवाला महमूद पठान रविकांत सैनी कपिल सिसोदिया जगदीश जांबेकर दिनेश तंवर यशपाल गहलोत जगतसिंह पाल सुरेंद्र पाल पंकज साहू लक्ष्मण खत्री गोविंद शर्मा अशोक चौधरी आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

“रंजीत टाइम्स” में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम  जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- “आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़”

रणजीत टाइम्स